संख्या-15011/36/2022-न्याय (एयू)/ई-6889
भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग

**विषय: न्याय विभाग से संबंधित अगस्त, 2023 माह का मासिक सार ।**

न्याय विभाग से संबंधित अगस्त, 2023 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ निम्नलिखित हैंः

1. **<u>हर घर तिरंगा अभियानः</u>**

न्याय विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लिया। "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत 13 अगस्त, से 15 अगस्त, 2023 के दौरान संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के माननीय न्यायाधीशों,जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिकअधिकारियों,न्यायालय अधिकारियों और कर्मचारियों सहित न्यायपालिका के सदस्यों की पूरे मन से भागीदारी के साथ उत्साह पूर्ण तरीके से मनाया गया था। विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया औरसोशल मीडिया पर सेल्फी अपलोड करने के साथ-साथ सेल्फी को विभाग की वेबसाइट पर भी डाला गया।

2. **<u>टेली लॉ 2.0</u>**

टेली लॉ कार्यक्रम के तहत विभिन्न लाभार्थियों को 50 लाख कानूनी सलाह देने के अवसर को चिह्नित करने और टेली लॉ 2.0 के उन्नत और एकीकृत नए संस्करण को लॉन्च करने के लिए, माननीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में 25 अगस्त, 2023 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान, टेली लॉ और न्याय बंधु सेवा का एकीकरण (टेली लॉ 2.0),लाभार्थियों की आवाज (चौथा संस्करण) का शुभारंभ किया गया और अवार्डीज कैटलॉग भी जारी की गई। देश भर के छह राज्यों से आए 12 अग्रिम पंक्तियों के कार्यकर्ताओं को माननीय मंत्री महोदय द्वारा बधाई दी गई। टेली लॉ मेगा ईवेंट, मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से न्याय विभाग 65 लाख से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचा। इसमें सोशल मीडिया के माध्यम से 1,12,388, समाचार पत्र के माध्यम से 6,50,000, ई-न्यूज़ के माध्यम से 49,95,266 और प्रिंट मीडिया के माध्यम से लगभग 5,00,000 व्यक्तियों तक पहुंच शामिल है।

**3. <u>ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना फेज-II</u>:**

क. **राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिडः** राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अब दिनांक 01.08.2023 की स्थिति के अनुसार, 23.58 करोड़ से अधिक मामलों के संबंध में केस स्थिति सूचना और कंप्यूटरीकृत न्यायालयों से संबंधित 22.56 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों को देखा जा सकता है।

ख. **वर्चुअल कोर्टः** दिनांक 31-07-2023 की स्थिति के अनुसार 23 वर्चुअल न्यायालयों द्वारा 3.44 करोड़ से अधिक मामलों को देखा गया और 40 लाख से अधिक मामलों में, 431.89 कराेड़ रुपए से अधिक का ऑनलाइन जुर्माना वसूल किया गया है।

ग. **जस्टिस एप:** न्यायिक अधिकारियों के लिए इस मोबाइल ऐप को 31 जुलाई, 2023 तक कुल 19,225 व्यक्तियों द्वारा डाउनलोड किया गया।

घ. **ई-कोर्ट सेवा मोबाइल ऐप:** दिनांक 31-07-2023 तक ई कोर्ट सेवा मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की संख्या 1.94 करोड़ तक पहुंच गई है।

ड़. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग:** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का प्रयोग करके दिनांक 31-07-2023 तक 2.8 करोड़ मामलों की सुनवाई की गई जिसमें माध्यम से जिला और अधीनस्थ न्यायालयों नए प्रो बोनो नए प्रो गुणों नए प्रबा द्वारा (2.01 करोड़ मामलों) और उच्च न्यायालयों द्वारा (78.83 लाख मामलों) की सुनवाई की गई।

**4. <u>टेली लॉः वंचितों तक पहुंच</u>**

क. 31अगस्त, 2023 तक, 50,26,614 लाख लाभार्थियों को कानूनी सलाह प्रदान की गई जिसमें अगस्त, 2023 माह के दौरान के 2,74,548 लाख लाभार्थियों की संख्या भी शामिल है।

ख. माह के दौरान, वी एल ई/पी एल वी,राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 30 राज्यों के 70 जिलों में आयोजित 80 जागरूकता सत्रों/कैंपों में 2365 व्यक्तियों ने भाग लिया।

ग. वी एल ई,पैनल वकीलों, राज्य समन्वयकों जैसे टेली लॉ क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के अनुभव साझा करने के लिए टेली लॉ कार्यक्रम के सेल्फी अभियान के अंतर्गत, 31 अगस्त, 2023 तक 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से 192 सेल्फी/वीडियो टेली लॉ सोशल मीडिया साइटों (फेसबुक ट्विटर) पर अपलोड किए गए थे।

5. **<u>न्याय बंधु (प्रो बोनो कानूनी सेवाएं) कार्यक्रम:</u>** माह के दौरान, न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन/ वेब पोर्टल के माध्यम से 86 नए प्रो बोनो वकील पंजीकृत हुए। न्याय बंधु पोर्टल के तहत कुल 10378 प्रो बोनो वकील (पुरुष-8699, महिला-1677,ट्रांसजेंडर-02) पंजीकृत हो चुके हैं।

6. **<u>कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (एल एल एल ए पी):</u>**

क. नेशनल लॉ स्कूल ऑफ़ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू),बेंगलुरु,कर्नाटक ने चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय,पटना बिहार के साथदिनांक 03-08-2023 को कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की।

ख. बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान,पटना ने न्याय मित्रों, संसाधन संपन्न व्यक्तियों,और बिहार के 9 डी आई आर डी के प्रतिनिधियों सहित,67 प्रतिभागियों के साथ 17 अगस्त, 2023 को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।इस कार्यशाला में मानव तस्करी,घरेलू हिंसा,दहेज प्रथा,बाल विवाह,साइबर अपराध और नशे की लत जैसे मुद्दों पर विषयगत वार्ताएं शामिल की गईं।

ग. कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसाइटी (सी ई सी ओ ई डी ई सी ओ एन) जयपुर,राजस्थान ने सिरोही जिला, राजस्थान के महिलाओं, बच्चों और उम्र दराज व्यक्तियों के अधिकारों पर 40 ढाणी बैठकें,तीन पंचायत स्तरीय संवेदनीकरण बैठकें और चार व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किंए और इसे 2,168 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

घ. अरुणाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,ईटानगर,अरुणाचल प्रदेश ने 10 अगस्त, 2023 को 20 पणधारियों के लिए परंपरागत रिवाजों और औपचारिक कानूनों के मध्य तालमेल पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित की।

ङ. जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जे एन आई एम एस) मणिपुर ने सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए कंगलेइपक नर्सिंग एंड मेडिकल इंस्टीट्यूट, इम्फाल पूर्व में दिनांक 19-08-2023 को बाल यौन शोषण और पोक्सो अधिनियम पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जे एन आई एम एस ने दिनांक 24-08-2023 को आइडियल टीचर्स ट्रेनिंग अकादमी,इंफाल पूर्व में बाल यौन शोषण विषय पर एक अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया।

******